तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 5 जनवरी 2026

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार



4

पहले एक बड़ा गार्डन था, अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े उद्यानों की श्रृंखलाः ओपी





## खबर संक्षेप

### गोंडवाना में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए गाड़ी संख्या 12410/12409 निजामुद्दीन-रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस में 5 जनवरी को तथा गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन एक्सप्रेस में दिनांक 7 जनवरी को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### धान परिवहन के लिए निकाला गया समय

**सारंगढ़।** कार्यालय कलेक्टर एंव जिला दण्डाधिकारी सारंगढ़ के द्वारा सुरक्षा एवं दुर्घटना में नियंत्रण करने के दृष्टिकोण से छत्तीसगढ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के तहत प्रद्वप्ता शक्तियो का प्रयोग करते हुए जिला में भारी वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबंध समय निर्धारित किया गया था, को धान खरीदी केन्द्रों पर कृषको को धान बेचने में असुविधा को देखते हुए अपने निवास से 20-35 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड धान लोड से सबंधित वाहनो को विधिक दस्तावेजो के साथ परिवहन करने हेतु समय प्रातः 10 से 10.30 बजे तक एवं शाम 4 से 5.30 बजे तक की अवधि को छोडकर शेष अवधि विक्रय केन्द्र तक परिवहन करने हेतु छूट दी जाती है। भारी वाहनो पर प्रतिबंध पूर्ववत प्रात 7 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश यात्री बसो पर लागू नही होगा।

### कलेक्टर ने परिवार के साथ टेका मत्था

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने परिवार सहित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा.अर्चना, आरती कर और श्रद्धा भाव से मां चन्द्रहासिनी और नाथलदाई के चरणों में शीश नवाकर मंगलकामनाएं अर्पित कीं। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन व पूजा के लिए पहुंचते हैं। दर्शन के बाद डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि मां चन्द्रहासिनी और नाथलदाई की कृपा से सभी के जीवन में सुखए समृद्धि एवं मानसिक शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र धार्मिक स्थलों पर आकर पूजा.अर्चना करने से मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### 15 जनवरी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया गया है किए वे शिक्षा सत्र 2025.26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में नवीनीकरण और नवीन आवेदन 15 जनवरी 2026 तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल को बंद किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रुपए 2.50 लाख और अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय सीमा 1 लाख रूपए प्रतिवर्ष होना चाहिए। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छग का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरतत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम संलग्न करना होगा। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

## समन्वय सेंटर से किया गया प्रश्न पत्रों का वितरण

# इस बार प्रायमरी-मिडिल की छमाही परीक्षाएं भी होंगी बोर्ड की तर्ज पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

**खास बातें**

- पहले पहुंची है संकुलों तक, आज स्कूलों को किया जाएगा वितरण
- आज से चालू है छमाही परीक्षा

इस बार प्रायमरी और मिडिल स्कूल में भी बोर्ड की तर्ज पर छमाही परीक्षा होने की बात कही जा रही है। इसके लिए बाकायदा बोर्ड से प्रश्न पत्र के बंडल भेजे गए हैं। इसका वितरण भी संकुलों को कर दिया गया है। आज से मिडिल और कल से प्रायमरी स्कूल में छमाही परीक्षा चालू होगी।

इस परीक्षा में कक्षा पहली से हिंदी मीडियम के एक लाख 4 हजार 137 बच्चों की दर्ज संख्या है। इसमें 20 हजार के आसपास बच्चे अंग्रेजी मीडियम में भी परीक्षा देंगे। यह केवल सरकारी स्कूल के आंकड़े हैं। प्रायवेट स्कूलों को इसमें शामिल नहीं की गई है। आज प्रायमरी स्कूल के एचएम को संकुल से प्रश्न पत्र के बंडल का वितरण होगा।



**कौन कक्षा में कितने छात्र-छात्राएं**

| कक्षा | संख्या | कक्षा | संख्या |
|---|---|---|---|
| पहली | 10815 | पांचवीं | 14358 |
| दूसरी | 12182 | छठवीं | 13889 |
| तीसरी | 11802 | सातवीं | 14039 |
| चौथी | 12011 | आठवीं | 15041 |

प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर कई तरह के जतन किए जा रहे हैं। इसमें पहले तो सामाजिक अंकेक्षण किया गया और अब बोर्ड की तर्ज पर छमारी परीक्षा लेने की तैयारी हो रही है। इसके लिए राजधानी से ही प्रश्न पत्र भेजी गई है। अब तक प्रायमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए छमाही परीक्षा का प्रश्न पत्र स्थानीय स्तर पर तैयार किया जाता था। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इन कक्षाओं का प्रश्न पत्र भी स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से दी गई है। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए तो बोर्ड से ही प्रश्न पत्र तैयार होकर आता है, लेकिन प्रायमरी और मिडिल के लिए पहली बार ऐसा प्रयोग किया जा रहा है। अब इस प्रयोग में कहां तक सफल हो पाते हैं यह तो छमाही परीक्षा का परिणाम ही तय कर सकता है।

**प्रशन पत्र का पैकेट खुलने से चलेगा पता**

शिक्षकों का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से ही प्रश्न पत्र भेजे गए हैं, लेकिन प्रश्न पत्र देखने के बाद ही पता चलेगा कहां से तैयार हुआ है। शिक्षकों ने कहा अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ था कि प्रायमरी और मिडिल में छमाही के प्रश्न पत्र रायपुर से भेजा गया हो। स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था होती थी। ऐसे में प्रश्न पत्रों को देखनें के बाद ही पता चलेगा कि कहां से तैयार की गई है।



# अवैध परिवहन पर माइनिंग की कार्रवाई, 31 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

खनिज विभाग के अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान अवैध परिवहन के प्रकरणों में खनिज रेत के 27 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा, निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 2 हाईवा तथा बोल्डर परिवहन में संलिप्त 1 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 31 वाहनों को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर, थाना खरसिया एवं रैरूमाचौकी में रखा गया है।

खनिज मुरूम एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की लगातार प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर के निर्देशानुसार 02 जनवरी की रात्रि में ग्राम पंचायत संबलपुरी तहसील रायगढ़ में खनिज अमले द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर एक जेसीबी एवं तीन टिपर वाहनों के माध्यम से खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना पाया गया। जांच के दौरान वाहन चालक के कथनानुसार उक्त अवैध उत्खनन कार्य हरिओम अग्रवाल द्वारा कराया जाना बताया गया। प्रकरण में संलिप्त सभी वाहनों को जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी रामाकांत सोनी ने बताया कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23 क के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# फिर टूटा ताला, सूने मकान से नकदी सहित लाखों के गहने पार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने सुने मकान का ताला तोडक़र डेढ़ लाख नगदी रकम समेत 50 हजार के सोने चांदी के जेवरातों को पार कर दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बापू नगर में रहने वाले अंकुर बंधन ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह अपने चाचा के देहांत हो जाने के बाद पूरे परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जांजगीर चांपा गया हुआ था। 31 दिसंबर की शाम उसकी बहन घर आ गई और अपने चाची के यहां रूकी हुई थी।
1 जनवरी की दोपहर 2 बजे के आसपास उसकी बहन अपने घर तरफ गई तो देखा कि उनके मकान में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था, अनहोनी घटना की आशंका पर जब वह अंदर पहुंची तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था तब उसने फोन करके अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। अज्ञात चोरों ने सुने मकान का ताला तोडक़र चांदी का पायल 1 जोडी, चांदी का चैन, बिछिया, 1 अंगुठी एवं एक सोने का कान का झुमका कीमत करीब 50 हजार समेत घर बनवाने रखे नगदी रकम 1 लाख 50 हजार लेकर फरार हो चुका था। बहरहाल काफी पतासाजी करने के बावजूद अज्ञात चोरों के बारे में जानकारी नही मिल पाने के बाद पीड़ित ने कोतवाली थाना पहुंचकर पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



# इधर सड़क सुरक्षा माह में पुलिस कर रही है लोगों को जागरुक, उधर तीन दिन में 5 की मौत से थर्राया जिला

**रायगढ़।** जिले में नया साल शुरू होते ही हादसों का दौर भी शुरू हो चुका है। इधर 1 जनवरी से पुलिस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह चला रही है और उधर बीते 3 दिनों में 5 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। यातायात पुलिस लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक कर रही है, लेकिन वह कोई काम नहीं आ रहा है। हालात यह है कि हर दिन हादसे हो रहे हैं।

- नए साल के जश्न के साथ हादसों का दौर भी शुरू

पहली घटना 1 जनवरी की है, जहां कांशीराम चौक का रहने वाला संजय कुमार कुर्मी और लोईंग निवासी केशव मेहर सुबह साढ़े 10 बजे किसी काम से बाइक पर सवार होकर ढिमरापुर चौक की ओर से खर्राघाट जा रहे थे। इस दौरान केशव पीछे बैठा हुआ था, तभी होमगार्ड कार्यालय के सामने ट्रक के चालक ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे केशव बाइक से गिरकर ट्रक के चक्के के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम भी कर दिया था।
दूसरी घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। जहां 3 जनवरी को ग्राम तोलमा का रहने वाला डोमिनिक टोप्पो (30 साल) और उसका साथी संजय मिंज (32 साल) बाइक में सवार होकर लैलूंगा से अपने घर जा रहे थे। तभी ग्राम बीरसिंघा के पास हाईवा से साइड लेते हुए उससे आगे बढ़ रहा था। तभी हाईवा का चालक तेज रफ्तार वाहन को चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इससे दोनों गिर गए और हाईवा वाहन का दाहिने तरफ का चक्का उनके सिर पर चढ़ गया। इससे मौके पर संजय व डोमोनिक की मौत हो गई।



**सड़क किनारे रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की अकाल मौत**

चौथी घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। जिसमें गोड़म का रहने वाला पंकज (24 साल) अपनी बाइक पर सवार होकर खरसिया की ओर से आ रहा था। तभी ग्राम चारभांठा के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। घटना में युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट पहुंची और मौत हो गई।

**उर्दना तिराहा पर वाहन ने ली युवक की जान**

तीसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के उर्दना तिराहा की है। भेलवाटिकरा निवासी जीवन बरेठ (28 साल) गाड़ी चलाने का काम करता था। 2 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे जीवन अपने परिजनों को आने की बात कह कर बाइक पर सवार होकर निकला। तभी उर्दना तिराहा के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उसे जबरदस्त ठोकर मार दिया। इससे मौके पर उसकी मौत हो गई।

# नियम-कानून दरकिनार, 3 प्लांटों के खिलाफ श्रम न्यायालय में मामला दर्ज

**रायगढ़।** जिले में स्थापित प्लांटों में नियम कानून का पालन नहीं किया जाता। इसके चलते कई बार दुर्घटनाएं होती है। जिसमें श्रमिकों की मौत हो जाती है। उद्योगों में जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई इसके आधार पर कार्रवाई की गई है। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्भाग के उप संचालक राहुल पटेल ने बताया कि संबंधित कारखानों के अधिभोगियों एवं प्रबंधकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। दायर प्रकरणों में मेसर्स सुनील इस्पात एंड पावर प्रा लि. ग्राम चिरईपानी, पोस्ट लाखा के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक प्रमोद कुमार तोला के विरुद्ध कारखाना अधिनियम की धारा 7(2)ए एवं 7(2)(सी) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार मेसर्स आरएस इस्पात रायगढ़ प्रालि ओपी जिंदल इंडसट्रियल पार्क, पूंजीपतरा के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक विवेक चंद्र उपाध्याय के विरुद्ध कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 7, 2 ए एवं धारा 21(1) (4) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं मेसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेडए ग्राम एवं पोस्ट जामगांव के अधिभोगी प्रदीप कुमार डे के विरुद्ध कारखाना अधिनियम की धारा 7, 2 डी एवं 7,2 ए के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दायर किया गया है।

# चाकू लहराने वाले युवक को आर्म्स एक्ट में भेजा जेल

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर में उपद्रव कर चाकू लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी की हरकतों से परिजन दहशत में आ गए थे और जान बचाकर थाने पहुंचना पड़ा।

दरअसल आरोपी सिध्दार्थ मेश्राम उर्फ गोलू पिता स्वर्गीय फातेलाल मेश्राम 28 वर्ष निवासी गुजरातीपारा के विरुद्ध उसकी मां श्रीमती कौशिल्या मेश्राम (77 वर्ष) ने 4 जनवरी को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसका छोटा बेटा सिध्दार्थ शराब का आदी और झगड़ालू प्रवृत्ति का है, जो आए दिन नशापान कर घर में हंगामा करता रहता है। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है। दोपहर वह बाजार की ओर से घर पहुंचा और बाहर जाने के लिए सात लाख रुपये की मांग करने लगा। इनकार करने पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते हुए घर से बाहर निकाल दिया तथा धारदार चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाया। बड़े बेटे उज्याल मेश्राम के समझाने पर उसे भी अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू लेकर पीछे दौड़ा। किसी तरह जान बचाकर परिजन थाना कोतवाली पहुंचे तो आरोपी चाकू लहराते हुए पीछे-पीछे थाने तक आ गया। महिला की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 119(1), 296, 351(2) भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।





# प्रदूषण को लेकर युवा कांग्रेस लिखेगी खून से खत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

जिला वर्तमान समय में भीषण पर्यावर्णीय संकट से जूझ रहा है। औद्योगिक प्रदूषण, कारखानों से निकलने वाला जहरीला धुआँ, राख एवं रासायनिक कणों के कारण हवा, पानी और मिट्टी अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी है।

स्थिति यह है कि आम नागरिकों के लिए शुद्ध हवा में साँस लेना भी कठिन होता जा रहा है तथा विभिन्न गंभीर बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। इन्हीं चिंताजनक परिस्थितियों को देखते हुए युवा कांग्रेस द्वारा पर्यावरण बचाव प्रदूषण से रायगढ़ बचाव अभियान के अंतर्गत 5 जनवरी को गांधी प्रतिमा के पास जनजागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से रायगढ़ की जनता को प्रदूषण के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा एक अनूठे प्रतीकात्मक विरोध के रूप में अपने खून से खत लिखकर राष्ट्रपति मुख्य न्यायाधीश (सुप्रीम कोर्ट/एनजीटी) एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि रायगढ़ को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने ठोस एवं त्वरित कदम उठाए जा सकें। युवा कांग्रेस का कहना है कि यदि आज भी हम नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका भयावह परिणाम भुगतना पड़ेगा। यह लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे रायगढ़ को बचाने की सामूहिक लड़ाई है।

## डोंगीतराई स्कूल में 70 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण

# भवन निर्माण का वित्त मंत्री ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डोंगीतराई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 70 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 06 अतिरिक्त कक्ष, 02 स्टाफ रूमए 01 प्राचार्य कक्ष तथा बालक.बालिका शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध होगा तथा विद्यालय में बढ़ती छात्र संख्या की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार के गठन के बाद से जनहित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि डोंगीतराई पंचायत की 502 महिलाओं को अब तक लगभग 1 करोड़ 54 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। वहीं महतारी शक्ति ऋण योजना के माध्यम से महिलाओं को कम ब्याज दर पर 25 हजार रुपये तक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।





## खबर संक्षेप

### अब आवासीय सपनों को मिलेगा कानूनी आधार

**राउरकेला।** ओडिशा राज्य आवास बोर्ड ओएसएचबी की विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में रहने वाले हजारों आवंटियों के लिए राहत भरी खबर है। बोर्ड ने राउरकेला स्थित अपनी चार प्रमुख आवासीय परियोजनाओं के आवंटियों को संपत्ति का विधिवत स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे वर्षों से स्वामित्व दस्तावेजों की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को जल्द स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। ओएसएचबी के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बसंती कॉलोनी स्थित बोर्ड की सबसे पुरानी आवासीय परियोजना के लिए 28 मार्च 2024 को राउरकेला तहसीलदार के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया गया था। यह आवेदन वर्ष 1978 में बसंती कॉलोनी में म्यूटेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में को लीज पर दी गई लगभग 150 एकड़ भूमि से संबंधित थाए जिसमें साबिक पुराने भूमि अभिलेख और हाल वर्तमान अद्यतन अभिलेख के सह संबंध यानी कोरिलेशन विवरण मांगे गए थे। यह कोरिलेशन डेटा सुंदरगढ़ कलेक्टर के समक्ष भूमि के म्यूटेशन नामांतरण हेतु पुनरीक्षण याचिका दायर करने के लिए अनिवार्य था। अब तहसील कार्यालय द्वारा बसंती कॉलोनी के भूखंडों का हाल और साबिक कोरिलेशन डेटा उपलब्ध करा दिए जाने के बाद, बसंती कॉलोनी में म्यूटेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में जल्द ही कलेक्टर के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर करने की तैयारी में है।

### अटकी हैं कई परियोजनाएं 2025 में नहीं हो पाई पूरी

**राउरकेला।** वर्ष 2025 समाप्त हो चुका है, लेकिन शहर में चल रही कई परियोजनाएँ अब तक पूरी नहीं हो सकीं। कई योजनाओं की घोषणाएँ तो हुईं, पर उनका कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। पूर्व सरकार के समय जैसी स्थिति थीए नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद भी लगभग वही हालात बने हुए हैं। हालांकि, यह उम्मीद की जा रही है कि अधूरी परियोजनाएँ वर्ष 2026 में पूरी हो जाएँगी और 2025 में घोषित कुछ योजनाओं पर काम शुरू होगा। यदि सरकार और प्रशासन गंभीरता के साथ रुचि दिखाएँए तो 2025 में घोषित परियोजनाएँ धरातल पर उतर सकती हैंए अन्यथा वे केवल घोषणाओं तक ही सीमित रह जाएँगी। लोगों का कहना है कि राजनीतिक दलों में इच्छाशक्ति की कमी के कारण ही शहर की परियोजनाओं की यह दुर्दशा बनी हुई है। मार्च 2025 में सड़क एवं भवन निर्माण मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने वेदव्यास स्थित ब्राह्मणी नदी पर एक अत्याधुनिक कांच के पुल के निर्माण की घोषणा की थी। 450 मीटर लंबे इस पुल के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी और जल्द काम शुरू होने की बात कही गई थी। बाद में यह भी कहा गया कि कांच के पुल के स्थान पर सीमेंट का पुल बनाया जाएगा। लेकिन घोषणा के 9 महीने बाद भी एक ईंट तक नहीं रखी गई। राउरकेला सरकारी अस्पताल के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। शहरवासियों को एक विश्वस्तरीय अस्पताल का सपना दिखाया गया और इसके लिए 660 करोड़ रुपये मंजूर भी किए गए। लेकिन जमीन की कमी के कारण अब तक इस परियोजना का काम शुरू नहीं हो पाया। आज तक सरकार वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं कर सकी।

### मोबाइल में ठगी से बचने के लिए व्हाट्सएप में एपीके फाईल न खोलें

**सारंगढ़।** राज्य में आरटीओ ईचालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैंए जिसमें नकली ईचालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से डराने वाले संदेश व्हाट्सएप के माध्यम से एपीके फाईल का लिंक भेजकर नागरिकों के बैंक खाते से पैसे ठगी करते हैं। ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए एपीके फाईल पर क्लिक कर ओपन न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ईचालान परिवहन इन पर जाकर ई.चालान के पेज पर पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के अमले द्वारा जब भी ईचालान भेजा जाता हैए तो पंजीकृत मोबाईल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। आम नागरिकों को किसी ईचालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें।

# कुनकुरी में एटीएम उखाड़ने का प्रयास, पिकअप से पहुंचे बदमाश, रस्सी से खींची पीएनबी की एटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- पुलिस पहुंची तो पथराव कर फरार हुए बदमाश







जिले के कुनकुरी नगर में बीती रात एक बड़ी और सनसनीखेज वारदात होते-होते रह गई। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाशों ने उखाड़कर ले जाने की कोशिश की। वारदात रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अंजाम दी जा रही थी, लेकिन जशपुर पुलिस की सतर्क रात्रि गश्त ने बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

जानकारी के मुताबिक बदमाश एक पीक-अप वाहन से मौके पर पहुंचे। पहले से की गई तैयारी के तहत उन्होंने एटीएम मशीन को रस्सी से बांधा और वाहन से खींचते हुए उसे उखाड़ लिया। मशीन को पीक-अप में लोड करने की तैयारी चल ही रही थी, तभी रात्रि गश्त पर निकली कुनकुरी पुलिस टीम वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही बदमाशों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम ने जब पीछा किया तो आरोपियों ने भागते हुए पुलिस वाहन पर पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन का शीशा टूट गया और वाहन को नुकसान पहुंचा, हालांकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। अंधेरे और जंगलनुमा इलाके का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गए।

### जंगल में छोड़ा वाहन

बताया जा रहा है कि आरोपी पीक-अप वाहन से तपकरा की ओर भागे और कुंजारा जंगल के पास वाहन छोड़कर फरार हो गए। मौके से बरामद पीक-अप वाहन का नंबर जेएच 07 ई 9167 बताया जा रहा है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। छोड़े गए वाहन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### अलग-अलग टीमें गठित

एटीएम लूट की इस बड़ी कोशिश को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित की हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और सीमावर्ती इलाकों में नाकेबंदी भी की गई है। पुलिस का कहना है कि रात्रि गश्त की वजह से बड़ी चोरी टल गई। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## तमता मेला में कलेक्टर हुए शामिल

# केशलापाठ पहाड़ पर आस्था का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- पौष पूर्णिमा पर तीन दिवसीय परंपरागत मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने की खुशहाली की कामना





पौष पूर्णिमा पर जिले के ग्राम तमता स्थित केशलापाठ पहाड़ में आयोजित तीन दिवसीय परंपरागत केशलापाठ मेले में कलेक्टर रोहित व्यास शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 300 से अधिक सीढ़ियों को चढ़ते हुए पहाड़ के ऊपर पहुंचकर देव स्थल में विधिवत दर्शन कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हर वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व छेरछेरा के दूसरे दिन केशलापाठ पहाड़ पर लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में बड़ी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा केशलापाठ देव स्थल पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधाओं के लिए मूलभूत अधोसंरचना विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां सामुदायिक शौचालय की स्वीकृति दी जा चुकी है तथा देव स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने मंच निर्माण को लेकर विधायक द्वारा की गई घोषणा की जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्य भी अगले वर्ष तक पूर्ण हो जाएगा। साथ ही वन विभाग के समन्वय से परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार कर इसे धरातल पर उतारा जाएगा।

### बकासुर का वध

स्थानीय मान्यता के अनुसार आदिकाल में पांडव भीम ने यहां गांव के लोगों को असुरों के आतंक से मुक्त कराने हेतु बकासुर नामक राक्षस का वध किया था, जिसके कारण केशला पहाड़ को विशेष पूज्य देव स्थल के रूप में जाना जाता है। देव स्थल के समीप स्थित एक प्राचीन कुंड में वर्षभर जल भरा रहता है, जिसमें स्नान कर श्रद्धालु स्वयं को शुद्ध करते हैं और फिर मंदिर में दर्शन हेतु पहुंचते हैं। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां मन्नत मांगने की विशेष परंपरा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पुनः देव स्थल पहुंचकर नारियल का प्रसाद अर्पित करते हैं। मेले के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम प्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### किलकिलेश्वर धाम में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्राम किलकिला में स्थित प्राचीन शिव मंदिर किलकिलेश्वर धाम का औचक निरीक्षण किया। साथ ही मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की तथा मंदिर के महंत बाबा कपिल दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं समिति के अन्य सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मूलभूत अधोसंरचना एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत मंदिर परिसर में प्रस्तावित बाउंड्रीवाल, स्वागत गेट एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र पूर्ण कर टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### घाट निर्माण का लिया जायजा

कलेक्टर श्री व्यास ने परिसर में स्थित तालाब में घाट निर्माण के प्रस्ताव की भी जानकारी ली तथा इसकी अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूरी की जाएं। मंदिर समिति द्वारा परिसर में शौचालय की आवश्यकता बताने पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मंदिर परिसर में दो सामुदायिक शौचालय स्वीकृत कर निर्माण कराने के निर्देश दिए, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधा मिल सके। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्थल निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर के समग्र सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# कई वर्षों से विश्वसनीयता बनाए हुए है हरिभूमि: गुप्ता

- सुदूर इलाके में अखबार पहुंचाना प्रशंसनीय: चौरसिया

**पत्थलगांव/जशपुरनगर।** राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जशपुर में रविवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज चौरसिया ने किया। कैलेंडर का विमोचन पूजा पाठ के बाद किया गया, ततपश्चात मौजूद लोगों को कैलेंडर की प्रतियां दी गई।

शहर के हृदय स्थल, विश्वकर्मा मंदिर बस स्टैंड में हरिभूमि कैलेंडर विमोचन में लोगों को कैलेंडर देते हुए 9 वर्ष की शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता ने हरिभूमि जशपुर जिले की टीम को हरिभूमि कैलेंडर के प्रकाशन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि कई वर्षों से निरंतर अपनी विश्वसनीयता बनाए हुए है। मेरा यह प्रिय अखबार भी है। अधिवक्ता सूरज चौरसिया ने कहा कि 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बिलासपुर से प्रकाशन कर निरंतर अपने पाठकों को जशपुर जैसे सुदूर इलाके में हरिभूमि समाचार पत्र पहुंचाकर प्रतिदिन पाठकों के दरवाजे तक अखबार पहुंचाना कई वर्षों से जारी है। हर वर्ष अपने पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं को कैलेंडर मुहैया कराना वाकई तारीफ के काबिल है जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं। इस मौके पर हरिभूमि के संवाददाता जितेंद्र गुप्ता पत्थलगांव, खुर्शीद कुरैशी जशपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठनों का आंदोलन, आज सौपेंगे ज्ञापन

**बिलाईगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केन्द्र एप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में जिले के शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ, सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन, संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ एवं प्राथमिक शाला प्रधानपाठक संघ, जिला–सारंगढ़-बिलाईगढ़ के संयुक्त आह्वान पर 5 जनवरी को दोपहर ढाई बजे बजे बीईओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षकों से प्राप्त व्यापक असंतोष और अनुरोध को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी शिक्षकों से अपील की गई है कि वे भोजन अवकाश उपरांत सामूहिक अर्ध-अवकाश लेकर बीईओ कार्यालय बिलाईगढ़ में उपस्थित हों और आंदोलन को सफल बनाएं। इसलिए हों रहा विरोध शिक्षकों का कहना है कि वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने से कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। डेटा सुरक्षा और निजता पर खतराः ऐप द्वारा मोबाइल के संवेदनशील फीचर्स जैसे गैलरी, कॉन्टैक्ट्स और लोकेशन का एक्सेस मांगा जाना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। वित्तीय धोखाधड़ी की आशंका, बढ़ते साइबर अपराधों के दौर में किसी असुरक्षित ऐप से मोबाइल डेटा एक्सेस होने पर बैंक खातों की सुरक्षा पर खतरा है। नेटवर्क की समस्या भी है। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में कमजोर नेटवर्क के कारण उपस्थिति दर्ज न हो पाने पर अनावश्यक तकनीकी विवाद और कार्रवाई की स्थिति बन सकती है। बायोमेट्रिक को बताया सुरक्षित विकल्प शिक्षक संगठनों ने सुझाव दिया है कि यदि विभाग का उद्देश्य पारदर्शिता लाना है तो बायोमेट्रिक मशीन आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू की जाए, जो सुरक्षित है और व्यक्तिगत मोबाइल डेटा साझा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके साथ ही पूर्ववत मैनुअल रजिस्टर व्यवस्था जारी रखने या स्कूलों में सुरक्षित बायोमेट्रिक मशीनें स्थापित करने की मांग भी की गई है।

# डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया की रेडी टू ईट इकाइयों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रायगढ़।** आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए रेडी टू ईट निर्माण को पुनः महिला स्व.सहायता समूहों से जोड़ने के शासन के निर्णय पर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया में स्थापित रेडी टू ईट निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इकाइयों के संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों के अनुरूप उत्पादन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने महिला स्व.सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर रेडीटूईट इकाइयों के संचालन, आवश्यक संसाधनों, मशीनरी एवं प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्पादन प्रारंभ करने से पूर्व सभी मानकों, स्वच्छता व्यवस्था एवं गुणवत्ता नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि महिला स्व.सहायता समूहों के माध्यम से रेडी टू ईट निर्माण की यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिला पंचायत सीईओ ने इकाइयों में स्वच्छता, गुणवत्ता परीक्षण, सुरक्षित भंडारण तथा समयबद्ध आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में लागू किया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ जिला भी सम्मिलित है। वर्तमान में जिले में 10 महिला स्व.सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंधित किया गया है।

## आवासीय इलाकों में चोरी झपटमारी पर पुलिस की सख्ती

**राउरकेला।** शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए राउरकेला पुलिस को एक के बाद एक बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। सेक्टर.7 और सेक्टर.19 थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी और झपटमारी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर 7 पुलिस ने सेक्टर क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों की एस्बेस्टस छत तोड़कर चोरी करने वाले एक कुख्यात आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पूर्ण चंद्र पटनायक के रूप में हुई हैए जो पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। पुलिस जांच में आरोपी के कब्जे से कई लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण तथा 1 लाख 5 हजार नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह चोरी सेक्टर 8 में हुई थी। पीड़ित रत्नाकर किशन अपनी पत्नी के साथ बाजार गए हुए थे। घर खाली पाकर आरोपी ने शाम के समय एस्बेस्टस छत तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और जल्द ही आरोपी को धर दबोचा। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अन्य समान चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहा है या नहीं। इसी क्रम में एक अन्य घटना में सेक्टर 19 पुलिस ने झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूटा गया बैग और नकदी भी बरामद कर ली गई है। यह घटना उस समय हुई जब पूजा नामक युवती सेक्टर 19 स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकालकर साइकिल से घर लौट रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने जबरन उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों झपटमारों को पकड़ लिया।

## घनी धुंध में लिपटा रहा जिला मुख्यालय, सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# जशपुर में कोहरे का कहर, सुबह 9 बजे तक थमी रही शहर की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



रविवार की सुबह जशपुर जिला मुख्यालय में मौसम ने अचानक करवट ली। तड़के से ही शहर पर घने कोहरे की मोटी चादर छा गई, जिसने सुबह 9 बजे तक पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में बनाए रखा। हालात ऐसे थे कि कुछ ही मीटर आगे का दृश्य धुंध में गायब हो जा रहा था। कोहरे के कारण जनजीवन और यातायात दोनों पर सीधा असर देखने को मिला।

घने कोहरे के चलते मुख्य मार्गों, चौराहों और शहर की अंदरूनी सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही। वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। चारपहिया और दोपहिया वाहन रेंगते हुए नजर आए। कई स्थानों पर लोग सड़क पार करने से पहले काफी देर तक वाहन आने-जाने का अंदाजा लगाते दिखे। कोहरे के कारण मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों की संख्या भी बेहद कम रही। स्कूल जाने वाले बच्चों और ड्यूटी पर निकलने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड और प्रमुख चौकों पर सुबह की सामान्य चहल-पहल गायब रही। बाजार देर से खुले और होटल-चाय दुकानों पर ठंड से बचने के लिए लोगों की भीड़ जुटती रही।

### ठंड और नमी ने बढ़ाई कंपकंपी

कोहरे के साथ-साथ ठंड में भी इजाफा दर्ज किया गया। हवा में नमी ज्यादा होने से ठिठुरन और बढ़ गई। लोग स्वेटर, जैकेट, शॉल और टोपी में पूरी तरह लिपटे नजर आए। सुबह के समय हाथ-पैर सुन्न होने जैसी स्थिति बनी रही। सर्दी से राहत पाने के लिए लोग गर्म चाय और अलाव का सहारा लेते दिखे।

### दुर्घटना की आशंका

घने कोहरे के चलते सड़क हादसों की आशंका बनी रही, हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली। यातायात पुलिस और प्रशासन की ओर से वाहन चालकों को सतर्क रहने, धीमी गति से वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई।

### धूप निकलते ही मिली राहत

करीब 9 बजे के बाद जैसे ही धूप निकली, कोहरा धीरे-धीरे छंटने लगा। इसके बाद शहर की सड़कों पर रफ्तार लौटी और सामान्य गतिविधियां शुरू हुईं। बाजारों में चहल-पहल बढ़ी और लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम जानकारों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक सुबह और देर रात घने से मध्यम कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। ऐसे में खासकर सुबह के समय यात्रा करने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# जतरा मेले की तैयारियों का आगाज, 7 को ठेका नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- 31 लाख तय हुई सरकारी बोली

जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले जतरा मेला को लेकर प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। मेला आयोजन को लेकर नगर में गतिविधियां तेज हो गई हैं।

नगरपालिका परिषद जशपुर द्वारा मेला ठेका आवंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए नीलामी की तिथि निर्धारित कर दी गई है।नगरपालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को जतरा मेला के ठेका हेतु खुली नीलामी की जाएगी। गत वर्ष जतरा मेला की नीलामी 28 लाख 25 हजार रुपए में संपन्न हुई थी। इस वर्ष शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार 31 लाख रुपए की सरकारी बोली निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मेला ठेका की राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है, उसी क्रम में इस बार बेस प्राइस बढ़ाया गया है। सरकारी बोली 31 लाख तय होने के बाद इस बार नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। स्थानीय ठेकेदारों के साथ-साथ बाहरी व्यापारियों की भी नजर इस ठेका पर बनी हुई है। अब जिलेवासियों की निगाहें 7 जनवरी पर टिकी हैं, जब यह स्पष्ट होगा कि इस वर्ष जशपुर का जतरा मेला किस ठेकेदार के जिम्मे होगा और नीलामी की बोली किस स्तर तक पहुंचती है।



# कुश्तीबाजी दिखाने आ रही 'चथा पचा', पोस्टर जारी...

**मुंबई।** निर्देशक अध्वैथ नायर की बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'चथा पचा' का इंतजार खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का निर्माण रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है, जिसे मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा। अर्जुन अशोकन, रोशन मैथ्यू और विशाक नायर अभिनीत 'चथा पचा' के हिंदी वर्जन की जिम्मेदारी करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने उठाई है। 'चथा पचा' की कहानी, केरल की कुश्ती संस्कृति पर आधारित है, जिसके संगीत की जिम्मेदारी दिग्गज तिकड़ी शंकर, एहसान, लॉय ने संभाली है।

## लाइफ Style

# मलविका 'सालार' को लेकर किया खुलासा



साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान मालविका ने एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म 'सालार' हो सकती थी। बता दें कि प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रुति हासन नजर आई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, मालविका ने बातचीत में बताया कि उनकी पहली तेलुगु फिल्म 'सालार' होती, क्योंकि निर्देशक ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा, 'मास्टर' की रिलीज के बाद मुझे फोन आया कि प्रशांत, प्रभास संग एक फिल्म बना रहे हैं और मुझसे मिलना चाहते हैं। मैं उनसे मिली और सबकुछ ठीक रहा, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बनी। अब 'द राजा साब' के साथ ऐसा मुमकिन हुआ है और मैं प्रभास सर के साथ काम कर रही हूं। 'द राजा साहब' में मालविका, 'भैरवी' नाम का एक किरदार निभाती हुए दिखाई देंगी। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा, मारुति सर ने मुझे बताया है कि दर्शक मुझे फिल्म में कई अवतारों में देखेंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# नूपुर और स्टेबिन ने की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** नूपुर सानोन ने सिंगर स्टेबिन बेन से अपनी सगाई की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। यह खबर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें तस्वीरें दिखाई गईं। कई फोटो में वह अपनी खूबसूरत सगाई की अंगूठी को प्रॉडली फ्लॉन्ट कर रही हैं। ये ड्रीमी प्रपोजल एक खूबसूरत से व्यू के साथ याच में हुआ, जिसने इस मौके को किसी परी कथा जैसा बना दिया। वहां 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' लिखा हुआ एक बड़ा सा होर्डिंग लगा था, जो पूरे माहौल को रोमांटिक फिल्म के सीन जैसा बना रहा था।



# उत्पीड़न के आरोपों को विल ने बताया झूठा और बेबुनियाद

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चर्चित एक्टर विल स्मिथ पर ब्रायन किंग जोसेफ नाम के वायलिन प्लेयर ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। अब इस मामले पर विल स्मिथ ने भी चुप्पी तोड़ी है। वह वायलन प्लेयर के आरोपों को झूठा बता रहे हैं। विल स्मिथ के वकील एलेन ग्रोडस्की ने एक्टर पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। वह इन आरोपों को झूठा और गैर-जिम्मेदाराना बताते हैं। वकील ने यह भी कहा कि विल स्मिथ इन आरोपों का कानूनी तरीके से जवाब देंगे। एक्टर इस मामले की पूरी सच्चाई सामने लाएंगे। ब्रायन किंग जोसेफ ने 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर के दौरान स्मिथ के साथ परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने हाल ही में लॉस एंजिल्स की एक अदालत में अभिनेता और उनकी मैनेजमेंट फर्म ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।




# 'टॉक्सिक' में पहली बार देखेंगे ऐसा रूप

**मुंबई।** फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के कलाकारों की एक के बाद एक झलकियों ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। अब तारा सुतारिया का दमदार और अनोखा लुक सामने आया है, जिससे इस फिल्म की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। इस नए पोस्टर में तारा एक अनदेखे अवतार में नजर आ रही हैं और इसी के साथ फैंस के लिए 19 मार्च की रिलीज का इंतजार और तेज हो गया है। फिल्म 'टॉक्सिक' की दुनिया बहुत गहरी और रहस्यमयी है, जिसमें चार चांद लगो आ रही हैं तारा उर्फ रेबेका। रेबेका एक आकर्षक, शक्तिशाली और खतरनाक लड़की है, जो खुद की सुरक्षा करना जानती है और अपने फैसलों में सशक्त है। इस फिल्म के जरिए तारा अपनी प्यारी वाली छवि छोड़ एक कठिन, खतरनाक और रहस्यमयी दुनिया में कदम रख रही हैं।



# टाइगर के साथ करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति शेट्टी दक्षिण सिनेमा में पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिलहाल तो वह अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खबरों में बनी हैं। ऐसी चर्चा है कि अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने 'मस्ती 4' के निर्देशक मिलाप जावेरी से हाथ मिलाया है। दोनों एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आए हैं, जिसे टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगा। इस फिल्म के लिए कृति का नाम सामने आया है। इन खबरों पर अभिनेत्री ने खुद प्रतिक्रिया दी और बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बात की है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर और मिलाप की फिल्म के लिए कृति से संपर्क तो किया गया, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर अभी नहीं किए गए हैं। जब अभिनेत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे कुछ प्रस्ताव तो मिले थे, लेकिन कभी-कभी तारीखें मेल नहीं खाती थीं और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का काम करने का तरीका बहुत अलग है।

## टीवी मसाला



# नए साल में तहलका मचाने आ रहे कई रियलिटी शो...

**मुंबई।** नए साल में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी की दुनिया तैयार है। कई भारतीय रियलिटी शो आने के लिए कमर कस चुके हैं। इनमें से कुछ शोज ऐसे हैं, जो पिछले कई साल से लोगों का प्यार बटोरते आ रहे हैं। एक नाम अक्षय कुमार का भी है। 'खतरों के खिलाड़ी' के कुछ सीजन करने के बाद अभिनेता फिर टीवी की दुनिया पर राज करने लौट रहे हैं। आइए, जानते हैं इन आगामी रियलिटी शो के बारे में।

### 'मास्टरशेफ इंडिया 9' और 'शार्क टैंक इंडिया 5'

सोनी लिव का लोकप्रिय कुकरी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' 9वें सीजन के साथ लौट रहा है। 5 जनवरी, 2026 से इस शो का प्रसारण किया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि नए सीजन में मशहूर शेफ की तिकड़ी यानी शेफ रणवीर बरार, विकास खन्ना और कुणाल कपूर एक साथ आ रहे हैं। कम समय में सबसे जल्दी चर्चित होने वाला रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' अपने 5वें सीजन के साथ दस्तक दे रहा है। यह भी 5 जनवरी से शुरू होगा।

### 'स्प्लिट्सविला 16' और 'द 50'

सनी लियोनी और करण कुंद्रा का रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' कई साल से लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। अब यह शो अपने 16वें सीजन के साथ लौट रहा है। इसे 9 जनवरी, 2026 से जियो हॉटस्टार और एमटीवी पर टेलीकास्ट किया जाएगा। दूसरी तरफ जियो हॉटस्टार पर नया रियलिटी शो 'द 50' दस्तक देने को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया है, लेकिन अटकलें हैं कि यह फ्रेंच सीरीज 'लेस सिंकुआंटे' पर आधारित होगा।

### 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' और 'खतरों के खिलाड़ी 15'

'खिलाड़ी कुमार' नाम से मशहूर, अक्षय को प्रशंसक नए रियलिटी शो में देखेंगे, जिसका नाम 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' है। सोनी लिव पर आने वाले इस शो की स्ट्रीमिंग तारीख अभी नहीं आई है। इसकी थीम हैंगमैन खेल पर आधारित होगी। रोहित शेट्टी का लोकप्रिय स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' इस साल 2026 में लौट रहा है। पिछले साल शो का प्रसारण न होने से लोगों का दिल टूट गया था। हालांकि, इस बार यह शो वापसी को तैयार है।

# 'धुरंधर' वाला पैंतरा अपनाने चले शाहरुख और भंसाली

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का असर सिर्फ दर्शकों पर नहीं, बल्कि फिल्म निर्माताओं पर भी दिख रहा है। इसके सीक्वल 'धुरंधर 2' (19 मार्च) को देखते हुए कई फिल्मों की रिलीज तारीख बदलने की भी चर्चा है। अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और 'आवारापन 2' की रिलीज (अप्रैल, 2026) तारीख बदली जा सकती है, वहीं कुछ फिल्म निर्माता 'धुरंधर' के 'सीक्वल' वाला पैंतरा अपनाने की सोच रहे हैं। इसमें बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' और 'लव एंड वार' शामिल है।



***2 किस्तों में रिलीज हो सकती है 'किंग' :*** शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। निर्माता इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कुछ ऐसी ही अपेक्षाएं संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' से हैं, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने बताया है कि दोनों ही फिल्मों को 2 भागों में बांटकर 6 महीने से कम के अंतराल में रिलीज करने पर विचार किया जा रहा है।

***2027 तक रिलीज किए जाने की योजना :*** सूत्र ने आगे बताया कि 'लव एंड वॉर' अगस्त, 2026 और जनवरी, 2027 में रिलीज हो सकती है, वहीं 'किंग' सितंबर, 2026 और मार्च, 2027 में रिलीज करने पर विचार चल रहा है। हालांकि, ऐसा तभी होगा, जब दोनों दिग्गजों के पास अपनी-अपनी फिल्मों को 2 भागों में दिखाने के लिए पर्याप्त फुटेज होंगे। कुछ फिल्म निर्माता 'सीक्वल' वाले फॉर्मूले को अपनाने के लिए लंबी-लंबी स्क्रिप्ट भी लिख रहे हैं। खैर इन अटकलों पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# बीते साल चला साउथ के इन सितारों का सिक्का, मिलकर लूटे 2,200 करोड़

***मुंबई।*** *बीते साल आई साउथ की कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया। साउथ के सितारों की इन फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि कमाई के मामले में भी नए रिकॉर्ड बनाए। इन सभी सितारों ने मिलकर बॉक्स ऑफिस पर करीब 2,200 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। आइए जानें कौन हैं दक्षिण भारतीय सिनेमा के वो सितारे या कौन-सी हैं वो फिल्में, जिन्होंने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया।*



***ऋषभ शेट्टी (कांतारा: चैप्टर 1)*** - ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' ने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। गांव की लोककथाओं, रहस्यमय वनों और परंपराओं पर आधारित इस फिल्म ने अपने दमदार एक्शन, विजुअल्स और कहानी के जरिए साउथ बॉक्स ऑफिस पर खूब राज किया। रिलीज होते ही फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई और देखते ही देखते ब्लॉकबस्टर बन गई। नेटफ्लिक्स पर मौजूद 30 करोड़ के बजट में फिल्म ने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये कमाए थे।



***कल्याणी प्रियदर्शन (लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा)*** - 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' 2025 की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनकर उभरी, जिसकी नायिका कल्याणी प्रियदर्शन थीं। इस मलयालम भाषा की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण ने किया था और इस पर पैसे दुलकर सलमान ने लगाए थे। फिल्म ने 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होते ही टिकट खिड़की पर तहलका मचा दिया था। 30 करोड़ रुपये इस फिल्म को बनाने में खर्च हुए थे और इसकी कमाई थी 300 करोड़ रुपये।



***रजनीकांत (कुली)*** : रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने भी खूब धमाल मचाया था। फिल्म में रजनीकांत एक दमदार और प्रभावशाली किरदार में नजर आए थे, जिसे उनके प्रशंसकों ने खूब सराहा। एक्शन, स्टाइल और सुपरस्टार रजनीकांत की करिश्माई मौजूदगी ने फिल्म को खास बना दिया। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति हासन और नागार्जुन अक्किनेनी भी थे। 350 करोड़ के बजट वाली 'कुली' ने 514 करोड़ रुपये कमाए थे।



***वेंकटेश दग्गुबाती (संक्रांतिकी वस्थूनम), मोहनलाल (L2: एम्पुरान) :*** वेंकटेश दग्गुबाती की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्थूनम' ने संक्रांति के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म में वेंकटेश ने सबका दिल जीत लिया, वहीं इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी भी दर्शकों को बेहद पसंद आई।

## आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं

# 'केबीसी 17': अमिताभ की आंखें नम, बोले- ये तालियां कल किसी और के लिए बजेंगी



***मुंबई।*** *टीवी के सबसे लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन अपने भव्य फिनाले के साथ यादगार एहसासों के बीच समाप्त हो चुका है। फिनाले के अंत में बॉलीवुड के शहंशाह और इस शो के होस्ट अमिताभ बच्चन भावुक हो गए। करीब 2 दशकों से इस शो का चेहरा बने अमिताभ ने दर्शकों के साथ अपने गहरे जुड़ाव और यादगार पलों को याद किया। उनकी विदाई ने न केवल टीवी पर दर्शकों, बल्कि उनके लाखों-करोड़ों फैंस को भावुक कर दिया।*

### ये विदाई नहीं, जुदाई है

अमिताभ ने जब विदाई पर बात करनी शुरू की तो उनकी आवाज भर्राई हुई थी और आंखों में नमी साफ दिखाई दे रही थी। उनके शब्दों ने करोड़ों दर्शकों के दिलों को छू लिया। उन्होंने भारी आवाज में कहा, देवियों और सज्जनों, अब ये दौर समाप्त होता है। वैसे तो शो के कई दौर शुरू होते हैं और खत्म हो जाते हैं, लेकिन हमारे इस मंच पर शो की विदाई नहीं, बल्कि जुदाई होती है।

### अमिताभ को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

प्रतियोगियों के संघर्ष और शो के ऐतिहासिक पलों का वीडियो देख अमिताभ की आंखें भर आईं। वीडियो खत्म हुआ, जोरदार तालियों से अमिताभ को 'स्टैंडिंग ओवेशन' दिया गया। बिग बी ने सबका धन्यवाद कर कहा, इन यादों और मुस्कुराहटों के बीच अब विदा लेने का समय आ गया है। विदाई के वक्त अक्सर शब्द कम पड़ जाते हैं और जब शब्द कम पड़ें तो संगीत का सहारा लेना चाहिए, क्योंकि संगीत के सुर सीधे दिल के तारों को जोड़ते हैं।

### बिग बी का भावुक अलविदा

अमिताभ के इन शब्दों ने सबको भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि 'केबीसी' सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उम्मीद और रिश्तों का सफर है। इस सफर के खत्म होने के साथ पीछे छूट गईं अनगिनत कहानियां और सपने, जिन्होंने देशभर के लोगों को प्रेरित किया।

### जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए

अमिताभ ने दर्शकों से कहा, कभी-कभी हम किसी पल को इतना जीते हैं कि जब वो खत्म होता है तो लगता है जैसे अभी शुरू ही हुआ था। अपनी जिंदगी का एक तिहाई से भी ज्यादा समय आप सभी के साथ बिताना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। बिग बी बोले, जब भी मैं हंसा, आप मेरे साथ हंसे, जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए। आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं।

### ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी

बिग बी बोले, एक-एक कर शो में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की कुर्सियां खाली होंगी, स्टूडियो के दर्शक अपने कदम सेट से बाहर रखेंगे। ये जगमगाती रोशनी कल किसी और के लिए सजाई जाएगी, तालियां भी किसी और के लिए बजेंगी। ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी, लेकिन इस विदाई के पल की मिठास और भावुकता हर किसी के दिल में हमेशा रह जाएगी।

खबर संक्षेप

## नगर पंचायत ने नहीं दी आरटीआई की जानकारी

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को कागज़ी कानून बनाकर रख दिया गया है। प्रथम अपील अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बीते 16 जून को किए गए आदेश के बावजूद 6 माह से अधिक समय बीत जाने पर भी जन सूचना अधिकारी ने एक भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। जारी आदेश की कंडिका क्रमांक 4 में कहा गया था कि मांगी गई जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम की किसी भी छूट श्रेणी में नहीं आती तथा 15 कार्य दिवसों के भीतर जानकारी देना अनिवार्य है। बावजूद इसके आदेश को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आरटीआई आवेदक अरुण ग्रेवाल वार्ड क्रमांक 10 ने बताया कि उन्होंने प्लेसमेंट कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत क्षेत्रफल, तथा संपत्ति कर निर्धारण दरों जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ मांगी थीं, जिनका सीधा संबंध जनहित और वित्तीय पारदर्शिता से है। जानकारी न देना यह दर्शाता है कि नगर पंचायत प्रशासन सच को दबाने और अनियमितताओं पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**राउरकेला।** सामाजिक सेवा एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास के उद्देश्य से त्रिशक्ति सेवा ट्रस्ट, लायंस क्लब ऑफ राउरकेला वेदव्यास के सहयोग से 7 जनवरी से 9 जनवरी तक एक निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर त्रिशक्ति धाम, हनुमान वाटिका, राउरकेला में आयोजित किया जाएगा। शिविर से संबंधित जानकारी आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन सकें। शिविर के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञ लाभार्थियों की जांच करेंगे, माप लेंगे और उन्हें कृत्रिम अंग फिट किए जाएंगे। सभी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही शिविर में भाग लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। यह शिविर अग्रवंशी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## राजस्व- वन विभाग के मध्य होगी प्रतियोगिताएं

**बणाई।** अपने अपने कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व फिट रखने के उद्देश्य से वन विभाग तथा राजस्व विभाग की ओर से खेल और व्यायाम पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दिशा में बणाई के उप जिलाधिकारी अक्षय कुमार पिल्ले एवं बणाई के डीएफओ ललित मोहन पात्र की पहल सराहनीय है। कर्मचारियों को फिट बनाए रखने के लिए दोनों विभागों ने एक अलग और अभिनव प्रयास की शुरुआत की है। खेलों के माध्यम से यह फिटनेस कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में बणाई वन विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों के बीच एक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

### शहर के समग्र विकास के लिए बड़े और दूरगामी प्रोजेक्ट्स हो रहा काम

# पहले एक बड़ा गार्डन था, अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े उद्यानों की श्रृंखलाः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने के लिए ठोस योजना के साथ निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़े प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारकर आम नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 85 लाख 67 हजार के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

- शहर के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ रुपए से अधिक के

इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि पहले रायगढ़ में केवल एक बड़ा गार्डन था, लेकिन अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े गार्डनों की श्रृंखला विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में शहर के हृदय स्थल इतवारी बाजार में 10 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक ऑक्सीजोन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। किसान राइस मिल के पास 13 करोड़ रुपए, राजीव नगर में दुग्ध डेयरी के पास 4 करोड़ रुपए की लागत से गार्डन निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा कोसाबाड़ी बस डिपो, कयाघाट एवं खर्रा घाट में भी बड़े गार्डन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आगामी समय में लगभग 20 स्थानों पर ओपन जिम भी विकसित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि शहर में जहां-जहां खाली भूमि उपलब्ध है, वहां सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री।

रायगढ़ की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही कोतरा रोड थाना चौक से ढिमरापुर, मेडिकल कॉलेज रोड, महापल्ली मार्ग तथा ढ़मिरापुर से जिंदल की ओर फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक, राजमहल चौक, इंदिरा नगर, कयाघाट एवं मेडिकल कॉलेज चौक जैसे प्रमुख स्थलों का एक साथ विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर का स्वरूप बदलेगा और यातायात सुगम होगा।

### युवाओं के भविष्य के लिए 40 करोड़ का नालंदा परिसर

वित्त मंत्री ने बताया कि युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण अंतिम चरण में है। यह परिसर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। साथ ही फिजियोथेरेपी कॉलेज, प्रयास विद्यालय, कला एवं संगीत महाविद्यालय तथा हार्टीकल्चर कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ को नई पहचान मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि गढ़उमरिया में बालिकाओं के लिए 'नव गुरुकुल' की स्थापना की गई है, जहां 2 वर्षों का पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वित्त मंत्री से मिले सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल

**रायगढ़।** गतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रदीप श्रृंगी अश्वनी बबलू त्रिवेदी, टीएस चतुर्वेदी, शहर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मनोज बंजारे सहित समाज के सम्मानित सदस्यों ने समाज से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी से उनके राजधानी स्थित आवास में मुलाकात कर चर्चा की।





## छेरछेरा पर्व की धूम, चंद्रपुर में गूंजा लोक उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

छत्तीसगढ़ में तीज त्योहारों का विशेष महत्व है, जो समाज को आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता के सूत्र में बांधते हैं। इन्हीं परंपरागत त्योहारों में प्रमुख छेरछेरा पर्व शनिवार को नगर पंचायत चंद्रपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

पौष पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पर्व फसल कटाई के बाद अन्न और समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व के दिन छोटे बड़े, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एक दूसरे के घर जाकर अन्न धन की कामना के साथ छेरछेरा मांगते हैं। इस परंपरा के अनुसार बच्चे हाथों में टोकरी और झोला लेकर घर घर पहुंचे और छेरछेरा-छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरा जैसे पारंपरिक गीतों के साथ अन्न की मांग करते नजर आए। घरों से लोगों ने उत्साहपूर्वक चावल, धान, दाल सहित अन्न दान किया। नगर पंचायत चंद्रपुर में यादव मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, भारत माता चौक, बस स्टैंडए मंदिर चौक, शशिपूर, माली मोहल्ला, निषाद मोहल्ला सहित अन्य गली कूचों में सुबह से ही बच्चों की टोलियां घूमती रहीं। वहीं कई स्थानों पर बड़े भी ढोल नगाड़ों के साथ छेरछेरा मांगते दिखाई दिए, जिससे पूरा नगर लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

## 2026 को पुलिस ने किया स्वछता माह घोषित

**राउरकेला।** स्वच्छता, स्वच्छ जीवनशैली तथा नागरिक मैत्रीपूर्ण पुलिसिंग वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनवरी 2026 को स्वच्छता माह घोषित किया गया है। सभी पुलिस थानों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अपने अपने क्षेत्राधिकार में पुलिस थाना परिसरों और कार्यालय परिसरों की पूरी तरह से साफ सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की गई। राउरकेला पुलिस नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वागतयोग्य सार्वजनिक सेवा स्थल बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## कन्या शाला के छात्राओं ने जाना व्यापार के तरीके

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा मे संचालित व्यवसायिक विभाग अंतर्गत कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के लिए स्मार्ट बाजार रायगढ़ ले जाया गया। इसी संदर्भ मे स्थानीय व्यावसायिक केंद्र कपड़ा दुकान सोनू क्लाथ स्टोर घरघोड़ा में औद्योगिक भ्रमण कराया गया।




इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वस्तु बेचने की प्रक्रिया एवं औद्योगिक उपकरणों विज्ञापन करना बिलिंग मशीन बार कोड रीडर जैसे विभिन्न प्रकार मशीनों की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही साथ लोगों के मध्य वस्तुओं के बारे में कैसे जानकारी हो सकता है। इसकी जानकारी बताया गया यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। भ्रमण के दौरान प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा के मार्ग दर्शन में व्याख्याता त्रिलोक गया चक्रधारी पीटीआई शिक्षिका सुश्री सीमा लकड़ा आई टी प्रशिक्षक प्रमोद साहू तथा रिटेल प्रशिक्षक संतोष साव के उपस्थित में भ्रमण कराया गया। इसी क्रम में शासन के आदेशानुसार शीतकालीन छुट्टी के दौरान व्यावसायिक पाठ्यक्रम में होने वाली प्रशिक्षण इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम घरघोड़ा के प्रतिष्ठित संस्थान सोनू क्लॉथ स्टोर में प्राचार्य तथा पालकों के संज्ञान में रिटेल प्रशिक्षक संतोष साव के द्वारा संपन्न कराया गया। दस दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम व्यावसायिक पाठ्यक्रम शिक्षा के अंतर्गत होने वाली दस दिवसीय कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के सभी रिटेल छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसके अंतर्गत वस्तु को बेचना, बिलिंग करना, साफ सफाई के साथ काम करना, ग्राहकों से संवाद स्थापित करना, विज्ञापन करना, लोगों को सही गुणवत्ता युक्त सामान की पहचान कैसे कराया जा सकता है तथा विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक विषय वस्तु को प्रशिक्षण में शामिल किया गया था।

## एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला

**कोसीर।** आरएएमपी योजना के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र उप प्रबंधक, मास्टर ट्रेनर टूकेशवर कोशले विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करेंगे। निराला मास्टर ट्रेनर एवं टूकेश्वर कोशले सहित टीम प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करेंगे। प्रतिभागियों मे टाइल्स, बेकरी, पैरा उत्पाद, दोना-पत्तल और बैग निर्माण जैसे उद्यमों में गहरी रुचि के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उद्यमिता के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया जाएगा। युवाओं में स्वरोजगार एवं स्थानीय उत्पादन आधारित उद्यम स्थापना की नई सोच विकसित होगी।

## चंद्रपुर थाना क्षेत्र के गांव-गांव में चल रहा खुलेआम जुआ, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर थाना क्षेत्र क्षेत्र से लगे ग्राम महुआपाली में लंबे समय से जुए का खेल बेखौफ चल रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के मुताबिक जुए की सूचना बार बार मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

- महुआपाली बना जुए का अड्डा, बाहर से आ रहे खाईवाल

सूत्रों की मानें तो महुआपाली में सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि चंद्रपुर, गोड़म, नवरंगपुर, कपीसदा, गुडेली, डभरा, खरसिया और रायगढ़ तक के खाईवाल सक्रिय हैं। कई खाईवाल चंद्रपुर और डभरा थाना क्षेत्र में स्थायी रूप से डेरा जमाए हुए हैं। महुआपाली मांड नदी के किनारे स्थित है। वहीं पास में डभरा थाना अंतर्गत बगरैल गांव भी है। इसी भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर खाईवाल कभी महुआपाली तो कभी बगरैल में जुए का फड़ बदल बदलकर संचालित कर रहे हैं, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

### अंकिता के जाते ही बेलगाम हुए अवैध कारोबारी

जब तक तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा जिले की कमान संभाले हुए थीं, तब तक अवैध गतिविधियों पर सख्त लगाम लगी हुई थी। जुआ, सट्टा और अवैध शराब के कारोबारियों में खौफ का माहौल था। लगातार छापेमारी, सख्त कार्रवाई और त्वरित निर्णयों के चलते जिले में अवैध कारोबार लगभग ठप हो गया था। कानून का डर साफ नजर आता था और पुलिस की सक्रियता से आम जनता को राहत मिली हुई थी, लेकिन जैसे ही अंकिता शर्मा का दूसरे जिले में स्थानांतरण हुआ वैसे ही अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए। पुराने खाईवाल फिर से सक्रिय हो गए और चंद्रपुर डभरा क्षेत्र को अपना सुरक्षित ठिकाना मान लिया। जुए के फड़ दोबारा सजने लगे और पुलिस की निष्क्रियता ने अवैध धंधों को खुली छूट दे दी।

महुआपाली क्षेत्र में जुए की गतिविधियों की शिकायत संज्ञान में आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही संबंधितों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**गगन बाजपेई**
**थाना प्रभारी, चंद्रपुर**

## मुगल शासकों को लेकर शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर

**रायगढ़।** नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया द्वारा सोशल मीडिया में जारी वीडियो के हवाले से भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने कहा कि अकबर के बाद किसी भी मुस्लिम शासक की मां मुस्लिम नहीं थी यह प्रचारित कर नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया अपरोक्ष रूप से लव जेहाद को बढ़ावा चाहते है। भाजयुमो अध्यक्ष ने इस तरह की जानकारी नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रचारित किए जाने पर कठोर आपत्ति जताई है।



उन्होंने कहा मुगल शासकों ने किस तरह तलवार की नोक पर भय दिखाकर छल कपट से हिंदुओं को धर्म परिवर्तन कर अपने जमात में शामिल किया है ये सर्वविदित है। सलीम की बहादुरी की दाद देते हुए कहा भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा आविलासी मुगलों द्वारा हरम में ली गई गैर मुस्लिम महिलाओं को जननी बताने का साहस तो कर रहे है। अन्यथा शेष मुसलमान सच को स्वीकार करने में भी परहेज करते है कि अकबर एंथोनी का पिता किशन लाल है। तीन चार पीढ़ी के पहले की जानकारी लेने की सलाह देते हुए कहा उनके पूर्वज भी राम राम जपते नजर आएंगे।

## महतारी वंदन से महिलाएं हो रही सशक्त :मधुलता

**रायगढ़।** विष्णु देव साय सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए देकर उन्हें सशक्त बनाने का काम कर रही है। रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के कुशल वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश नई ऊंचाइयां तय कर रहा। उक्त बातें महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु पटेल ने पदभार ग्रहण करने के बाद धर्मजयगढ़ विधान सभा दौरे के दौरान कही। मधु पटेल ने बंजारी मंदिर में माथा टेकते हुए स्मरण कराते हुए कहा सड़को की बदहाली को लेकर भूपेश सरकार के दौरान विपक्ष में रहते हुए ओपी चौधरी ने पद यात्रा की जमीन में सोए और कुंभकर्णी नींद में सोई भूपेश सरकार को जगाने का प्रयास किया।

राकेश शर्मा द्वारा गए हुए गीत मोर रद्दा ला बनवा दे ओ दाई का स्मरण भी कराया जो एक भजन गायक ने भक्ति गीत के जरिए सड़को की बदहाली को उजागर किया। भाजपा की सत्ता आई और ओपी चौधरी जी विधायक बनते हु सबसे पहला काम घर घोड़ा से रायगढ़ तक बदहाल सड़को को बनाया गया साथ साथ चौड़ीकरण किया गया इससे आम जनता को जाम से मुक्ति मिली। बंजारी मंदिर में माथा टेकने के बाद महिला



मोर्चा अध्यक्ष ने धर्म जय गढ़ विधान सभा में धर्म जय गढ़ मंडल छाल मंडल कापू मंडल कुडूम केला मंडल, घरघोड़ा मंडल में मोर्चा से जुडे अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारियों से मुलाकात करते हुए संगठनात्मक चर्चा की। सभी मंडलों में नव निर्वाचित महिला मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए मोदी साय योजनाओं को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान श्रीमती शीला तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीमती मंजुलता नायक पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रायगढ़, श्रीमती मेहरुन्निशा प्रदेश अल्पसंख्यक कार्यसमिति सदस्य, श्रीमती सावित्री मिश्रा, श्रीमति विनया कारमोरे, श्रीमती रामकली शर्मा सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री और वरिष्ठ कार्यकता महिला मोर्चा से जुड़ी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एग्रीस्टेक में पुसौर के पांच गांव के किसानों का नहीं दिख रहा रकबा

**पुसौर।** पुसौर तहसील के पांच गांव छिछोर उमरिया, कोडपाली, पडिगांव, बड़े भंडार और केशला के दर्जनों ऐसे बड़े किसान हैं जिनका रकबा अभी भी एग्रीस्टेक में शो नहीं कर रहा है।

इन किसानों ने बीते साल इस रकबे में धान बिक्री किया था, लेकिन इस साल शो नहीं कर रहा है। याने रकबा ही गायब है। इस साल एग्रीस्टेक में संबंधित रकबा नहीं दिखाया जिसके कारण पटवारी, तहसील और सोसायटी कई बार किसानों ने चक्कर काटा, लेकिन सुधार नहीं हो सका। ज्ञात हो कि एग्रीस्टेक में रकबा शामिल करने की प्रक्रिया को तहसील कार्यालय सहित संबंधित अन्य लोगों को




जानकारी नहीं हो पाने की स्थिति में सैकडों किसान दर्रामुड़ा के एक कम्प्युटर आपरेटर के यहां जा कर अपना काम कराया है। इसके बावजूद भी अब तक कई रकबा का एग्रीस्टेक नहीं हो पाया। छेरछेरा त्यौहार के दिन लोग जहां आनंद उठाने की तैयारी कर रहे थे। वहीं कुछ किसान अपना रकबा सुधरवाने चक्कर लगा रहे हैं।

### रास्ता रोककर की गई थी मारपीट

# सरपंच परिवार समेत 8 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

थाना बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम मल्दी में पूर्व रंजिश को लेकर हुए हिंसक हमले का मामला सामने आया है। इस घटना में ग्राम के वर्तमान सरपंच के परिवार सहित कुल आठ लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मल्दी निवासी पुलेश्वर वर्मा 28 ने थाना बिलाईगढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 03 जनवरी को शाम लगभग 7 बजे गांव में पूर्व से चली आ रही रंजिश के चलते सरपंच रामस्वरूप साहू के पुत्र विजय साहू, अजय साहू सहित उनके रिश्तेदारों व साथियों ने रास्ता रोककर हमला किया। शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने लाठी-डंडा, पत्थर एवं चाकू से प्राणघातक हमला किया, जिसमें पुलेश्वर वर्मा, उनके पिता मनीराम वर्मा तथा बड़े पिता शोभितराम वर्मा को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। तीनों घायलों को पहले शासकीय अस्पताल बिलाईगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले में आरोपी दरश यादव, विजय साहू, अजय साहू, भागीरथी यादव, उमेश साहू, हरीश साहू, दीपक यादव सभी निवासी मल्दी तथा सहेत्तर साहू निवासी रमतला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएं 126(2), 191(2), 191(3), 190, 118(1), 109(1) एवं 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। थाना प्रभारी के अनुसार, घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।




